प्रादेशिक समाचार

11.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकी संगठन आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल से जुड़े पांच आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो दिल्ली से, जबकि तीसरे आतंकी अशहर दानिश को रांची के तबराक लॉज से पकड़ा गया, जहां वह छात्र बनकर छिपा हुआ था। पुलिस ने बताया कि दानिश के पास से पिस्टल और कई डिजिटल डिवाइस बरामद हुए हैं और मामले की गहन जांच की जा रही है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज नगर विकास विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन सभागार में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

********************

सूर्या हांसदा एनकाउंटर और नगड़ी में एम्स– 2 के लिए आदिवासियों की जमीन को गलत तरीके से कब्ज़ा करने के मामले को लेकर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज पूरे राज्य के सभी जिला मुख्यालयों और प्रखंड कार्यालयों पर एकदिवसीय धरना– प्रदर्शन किया गया। इसी के तहत जमशेदपुर में भाजपा नेताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना–प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर आदिवासी विरोधी कार्यों का आरोप लगाया। मौके पर भाजपा नेता नवीन जयसवाल ने कहा सूर्या हांसदा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाई इसलिए उनका इनकाउंटर किया गया।

********************

चाईबासा में सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने नक्सलवाद के खिलाफ अभियान की समीक्षा करते हुए पश्चिम सिंहभूम से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया करने के लिए डेडलाइन तय की। उन्होंने ऑपरेशन एरिया के सभी कमांडेंट और पुलिस पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिए और अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि सीआरपीएफ महानिदेशक ने जिले में चल रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन की गहन समीक्षा की है।

********************

केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी कल एकदिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। इस दौरान वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कोल परियोजनाओं, लंबित कोयला रॉयल्टी और अन्य कई विषयों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। श्री रेड्डी मगध कोल परियोजना की भी समीक्षा बैठक करेंगे। इसके साथ ही वे सीएमपीडीआई के अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक करेंगे।

********************

खूंटी जिले में अवैध बालू उत्खनन और तस्करी जारी है, जिससे कई पुल और नदी घाट प्रभावित हो रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता और स्थानीय नेताओं ने प्रशासन पर नरमी बरतने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। खूंटी एसडीओ दीपेश कुमारी ने बताया कि टास्क फोर्स बनाकर नियमित अभियान चलाया जा रहा है और अवैध बालू लदे वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है।

*********************

केंद्र सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चल रही है। इन कार्यक्रमों का लाभ लेकर साहिबगंज जिले की महिलाएं अपने खाली समय का सदुपयोग कर रही हैं।

*********************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और अगले तीन घंटों के अंदर रांची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, सरायकेला–खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम समेत कई जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी है।

********समाप्त*************